<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>सात–दिवसीय शिविर का शुभारम्भ</u>

विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. अल्का वर्मा, डा. अजय कुमार त्रिपाठी, डा. रूचि गंगवार और डा. अमित केसरवानी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात–दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 'ग्रामीण सशक्तिकरण में युवाओं की भागीदारी' विषय पर किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण कल्याण और सामाजिक विकास है। इस शिविर का आयोजन स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र, इंदिरा कालोनी, पन्तनगर में किया जा रहा है, जहाँ एन.एस.एस. कृषि महाविद्यालय के सौ से अधिक छात्र, स्वयंसेवक विभिन्न सेवा–आधारित गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. शिव कुमार दुबे, सहायक प्राध्यापक की अगुवाई में किया गया, उसके उपरान्त शिविर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

शिविर में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार